प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.06.2024 (संध्या 1825 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार का शपथ ग्रहण आज, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से थोड़ी देर बाद सवा सात बजे दिलाएंगी शपथ।
2. झारखंड से अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ केन्द्रीय मंत्रिमंडल में होंगे शामिल।
3. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, गुमला से दस लाख रूपये का इनामी जोनल कमांडर गिरफ्तार
4. संथाल परगना और पलामू प्रमंडल में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी, 15 जून तक राज्य के सभी कोटि के विद्यालयों का संचालन सवेरे सात बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक होगा।

और

5. भगवान बिरसा मुंडा को पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र ने किया याद, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने दी श्रद्धांजलि।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से थोड़ी देर बाद शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी लगातार तीसरी बार बतौर प्रधानमंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कई राष्ट्राध्यक्ष और गणमान्य और श्रमजीवी कामगार भी साक्षी बनेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर नयी दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

****

इधर नई दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गहमागहमी तेज हो गयी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड से निवर्तमान केन्द्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और रांची के सांसद संजय सेठ को भी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

****

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ग्रहण से पहले आज नई दिल्ली स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता को विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सदैव अटल पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। मनोनीत प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय समर स्मारक में शहीदों को भी नमन किया।

****

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होने जा रहा है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल लाल नेहरू ही एक मात्र प्रधानमंत्री थे, जिन्हें लगातार तीन टर्म देश सेवा का मौका मिला था। आज के शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी इस उपलब्धि की बराबरी कर लेंगे। साथ ही कुछ अन्य रिकॉर्ड भी बनेगा।

****

रेलवे बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चला रहा है।

****

गुमला पुलिस ने घाघरा थाना क्षेत्र से भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर छोटू खरवार दस्ते के जोनल कमांडर शंभू गंझू उर्फ रवि गंझू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस

अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली चतरा जिले के टंडवा थानाक्षेत्र का रहनेवाला है और उस पर 10 लाख रूपये का इनाम रखा गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के पास से एक पीठु और पर्चा बरामद किया गया है। गिरफ्तार माओवादी पर गुमला और पलामू जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

****

संताल परगना और पलामू प्रमंडल समेत राज्य के कई इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार 12 जून तक यही हालात बने रह सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी कर बताया है कि राज्य के उत्तर पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी और उससे सटे उत्तर पूर्वी भागों में लू चलने की आशंका है। आगामी 13 जून तक राज्य के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के भी आसार हैं। अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। इधर देश के विभिन्न हिस्सों में दक्षिणी पश्चिमी मानसून आगे बढ़ रहा है। इसके आगामी 15 से 16 जून के बीच झारखंड में प्रवेश करने की संभावना जताई गई है।

****

इधर गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी कोटि के विद्यालयों के कक्षा केजी से बारहवीं तक का संचालन सवेरे सात बजे से ग्यारह बजकर तीस मिनट तक करने का आदेश दिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव की ओर से आज जारी यह आदेश आगामी 15 जून तक प्रभावी रहेगा।

****

महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर आज कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें नमन किया। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रांची के जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय पहुंचे और धरती आबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। कोकर स्थित समाधि स्थल और बिरसा चौक पर भी धरती आबा को खास और आम सभी ने विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान का स्मरण किया।

उधर धरती आबा की जन्म स्थली खूंटी के उलिहातू में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य के अन्य जिलों में कार्यक्रम का आयोजन कर धरती आबा को श्रद्धांजलि दी गयी। गौरतलब है कि आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ में अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंकने वाले भगवान बिरसा मुंडा की संदिग्ध परिस्थितियों में रांची के केंद्रीय कारागार में मौत हो गई थी।

****

आईआईटी मद्रास ने जेईई एडवांस्ड के परीक्षाफल के साथ ही फाइनल आंसर–की भी आज जारी कर दिया। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल ऑनलाइन देख सकते हैं। इसमें आईआईटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक लाकर टॉप किया है। वहीं लड़कियो में आईआईटी बॉम्बे जोन की द्विजा धर्मेशकुमार पटेल ने 360 में से 332 अंक लाकर टॉप किया है। जेईई एडवांस्ड 2024 में पेपर 1 और 2 दोनों में कुल 1 लाख 80 हजार 200 उम्मीदवार शामिल हुए थे। इनमें से 48 हजार 248 परीक्षार्थी सफल हुए हैं।

****

टी–20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरु होगा।

**********समाप्त**********